## सिमडेगा –मनोहरपुर तक 132 के0वी0 ट्रासंमिशन लाईन हेतु प्रस्तावित स्थल का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदनः–

मेसर्स पावर ग्रीड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया,लिमिटेड द्वारा सिमडेगा से मनोहरपुर तक 132 के0वी0 ट्रांसमिशन लाईन निर्माण हेतु प्रस्तावित वनभूमि क्षेत्र में पड़ने वाले/सम्मिलित स्थल का प्रयोक्ता अभिकरण के पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा अपने अधीनस्थ संबंधित वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं वनकर्मियों के साथ दिनांक–25.06.2016 को स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह ट्रांसमिशन लाईन सिमडेगा वन प्रमंडल अन्तर्गत सिमडेगा सब स्टेशन मौजा बकराटांगर–बिंधनटोली से पी0एफ0 मौजा–अरानी–बन्दरचुँआ–टैंसेरा–केयोन्दपानी–रैसिया–जमांग के वनभूमि से होकर गुजरते हुए मनोहरपुर तक जाएगी, जिसे प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा टोपोशीट मैप एवं Geo-Reference मैप पर आरेखित कर Final Route दर्शाया गया है। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि पी0एफ0 मौजा–अरानी–बन्दरचुँआ–टैंसेरा–केयोन्दपानी–रैसिया एवं जमांग के वनभूमि पर ट्रांसमिशन लाईन का Angle Point क्रमशः 08–10–11–12, 13–15–16, 16A–17, 19–20, 20–22 एवं 32–33 पड़ रहा है।जिसमें कुल टावर की संख्या– 11 होगी। इस ट्रांसमिशन लाईन की कुल लम्बाई–95.712 कि0मी0 है, जिसमें से सिमडेगा वन प्रमंडल अन्तर्गत 8.560 कि0मी0 वन भूमि से होकर गुजरेगी। Final Route की **27 मीटर** के कॉरीडोर में वनभूमि एवं जंगल–झाड़ी भूमि सहित कुल 23.114 हे0 अपयोजित होगा। इस ट्रांसमिशन लाईन हेतु प्रस्तावित वनभूमि पर अवस्थित वनस्पतियों का औसतन घनत्व 0.4–0.5 है, जो Eco class-III के अन्तर्गत है तथा कोई पुरातत्व स्मारक, ऐतिहासिक धरोहर, दुलर्भ वनस्पति/पेड़–पौधे एवं वन्य जीव तथा वन्य प्राणी आश्रयणी, नेशनल पार्क इत्यादि नहीं है। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा इस ट्रांसमिशन लाईन हेतु कम से कम वनभूमि अपयोजन का प्रयास करते हुए Final Route का आरेखन कर प्रस्तावित किया गया है। इस ट्रांसमिशन लाईन के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार तथा कृषि कार्य में वृद्धि की सुविधा एवं जिले में औद्योगिक ईकाई के स्थापना का अवसर प्राप्त हो सकता है। जिससे भविष्य में राज्य एवं जिले के विकास में सहायता होगी। अतएव इस ट्रांसमिशन लाईन परियोजना हेतु वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई हेतु अनुशंसा की जाती है।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।